# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 31.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

◆ **थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से आपसी मनमुटाव दूर कराते हुए 01 जोड़े को एक साथ विदा किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण तथा उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 31.07.2026 को थाना मोहाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से गीता पत्नी उमेश साकिन निबियहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के आवेदन पर आपसी मनमुटाव दूर कराते हुए जोड़े को एक साथ विदा किया गया।

**मिशन शक्ति काउंसलिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना
02. उ0नि0 सुनील कुमार सिंह
03. का0 संदीप पासवान
04. म0का0 गायत्री, रीता

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "मिशन मजनू" के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर बढ़नी की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव तथा गुड-बैड टच के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 31.07.2026 को थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर बढ़नी की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचाव तथा गुड-बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा
02.का0 अंकित कुमार
03. रि0म0का0 लक्ष्मी

## प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "मिशन मजनू" के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम-कोदईजोत की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 31.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-कोदईजोत की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-**

01. उ0नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय
02. हे0का0 धनन्जय दूबे
03. रि0म0आ0 रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सेवानिवृत्त हुए 06 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में की गयी ससम्मान विदाई।**

आज दिनांक 31.07.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर से 06 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा ससम्मान विदाई की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी। महोदय द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई की गयी।

**सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का विवरण-**

01.उ0नि0ना0पु0 रमाशंकर यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0ना0पु0 राजमणि द्विवेदी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
03.उ0नि0ना0पु0 रमेश चन्द्र थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
04. उ0नि0 रेडियो ओवैदुर रहमान रेडियो शाखा जनपद सिद्धार्थनगर।
05.मुख्य आरक्षी ना0पु0 गंगा प्रसाद थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
06.कुक छोटेलाल मौर्य पुलिस लाइन जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री के जनपद में प्रस्तावित आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 31.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री के जनपद में प्रस्तावित आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी आवागमन मार्ग, बैरिकेडिंग, ड्यूटी प्वाइंट तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने, सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा कार्यक्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर विश्वजीत सौरयान IPS क्षेत्राक्षिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना मोहाना पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे व विश्वजीत सौरयान (IPS), क्षेत्राधिकारी सदर, सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 31.07.2026 को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान वांछित के तहत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 121/2026 धारा 137(2) /87/65(1) बी0एन0एस0 2023 व ¾ पाक्सो एक्ट थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को वर्डपुर बाजार से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.सर्वेश पुत्र हरीराम साकिन मलगवां थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 जगतनरायन यादव चौ0प्र0 शुद्धोधन थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 राजेश कुमार सिंह चौकी शुद्धोधन थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 31.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र मिश्रौलिया के सूपा राजा चेतिया बाजार, गौरडीह, गायघाट आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक श्रीमती मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड
02.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य
03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम राजेन्द्र नगर मे महिलाओं/बालिकाओं को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम राजेन्द्र नगर में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 कमला प्रसाद मौर्या

02.रि0म0का0 सुमन

03.का0 शैलेश कुमार

04.हो0गा0 संजीव कुमार दूबे

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनकसिया की बालिकाओ/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 31.07.2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थानाक्षेत्र के ग्राम बनकसिया में महिलाओं/बालिकाओ को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह

02.रि0म0आ0 खुशबू वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पल्टा देवी मन्दिर में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 31.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम पल्टा देवी मन्दिर में मिशन मजनू के तहत महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.म0का0शालू

02.रि0म0का0मनीता

03.रि0म0का0खुशी

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलो पर महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर मिशन मजनू, एण्टीरोमियो चेकिंग की गई तथा ग्राम मधुबेनिया में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 रामनाथ यादव

2.मु0आ0 विनोद कुमार

3.आ0 मनीष वर्मा

4.म0आ0 बबिता सिंह, म0 आ0 चाँदनी मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के जे.एन.दास बाल शिक्षा संस्थान ग्राम नेबुआ में जाकर छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के जे.एन.दास बाल शिक्षा संस्थान ग्राम नेबुआ में जाकर छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से जागरूक किया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम का विवरण----**

01.हे0 का0 रामभजन गौंड

02.का0 मनु कुमार शाह

03.म0हे0का0 छाया

04.म0 का0 रेनू

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना खेसरहा साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ यूपीआई के माध्मय के माध्यम से हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹2550/- को शिकायतकर्ता के खाते मे कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आवेदक महेश कुमार पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम तुर्सिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा एनसीआपी पोर्टल पर शिकायत संख्या-33107260182123 के माध्यम से दिनांक 26/07/2026 को शिकायत किया गया था कि जिसमें UPI के जरिए 2550/- रुपया का फ्रॉड हो गया था। जिस पर थाना खेसरहा साइबर सेल टीम द्वारा बैंक के समन्वय से आवेदक महेश कुमार उपरोक्त को फ्राड धनराशि ₹2550/- को दिनांक 31/07/2026 को उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण----**

01.अनूप कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.साइबर सेल प्रभारी रवि प्रताप सिंह सेंगर।
03.का0 अभिषेक मौर्य
04.रि0का0नीरज कुमार
05.म0का0 रम्भा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना खेसरहा साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹1,13,850/- को शिकायतकर्ता के खाते मे कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आवेदक बृजलाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम सवाडाड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल पर शिकायत संख्या-33106260133472 के माध्यम से दिनांक 10/06/2026 को शिकायत किया गया था कि क्रेडिट कार्ड के जरिए 1,44,144.00/- रुपया का फ्रॉड हो गया था। जिस पर थाना खेसरहा साइबर सेल टीम द्वारा बैंक के समन्वय से आवेदक बृजलाल श्रीवास्तव उपरोक्त को फ्राड की धनराशि 1,13,850/- रुपये शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

01.श्री अनूप कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.साइबर सेल प्रभारी रवि प्रताप सिंह सेंगर
03.का0 अभिषेक मौर्य
04.रि0का0नीरज कुमार
05.म0का0 रम्भा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆"ऑपरेशन मजनू" अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति / एन्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, बाजार, पार्क, बस स्टैंड व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया ।**

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चलाए जा रहे "ऑपरेशन मजनू" अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.07.2026 को जनपद के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति/एन्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, बाजार, पार्क, बस स्टैंड व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई एवं मनचलों को चिन्हित कर कड़ी हिदायत दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं/बालिकाओं से अभद्र व्यवहार, छेड़छाड़ अथवा पीछा करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी । टीम द्वारा आमजन, छात्राओं एवं दुकानदारों को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1090-वुमेन पावर लाइन, 112-आपातकालीन सेवा एवं 181-महिला हेल्पलाइन के बारे में भी जागरूक किया गया । सिद्धार्थनगर पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के आरोपी 04 वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में ओम प्रकाश मिश्र थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार के नेतृत्व में आज दिनांक 31.07.2026 को थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 48/2026 धारा 109(1) /115(2)/352/351(3)/117(2)/3(5) BNS से सम्बंधित वांछित 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -**

01.मुर्तजा आलम पुत्र मशहूर आलम निवासी गौरी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.महबूद उर्फ माबूद आलम उर्फ बब्बू पुत्र मशहूर आलम निवासी गौरी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.मुस्तफा आलम पुत्र मशहूर आलम निवासी गौरी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

04.मशहूर आलम पुत्र भिखुल्लाह निवासी गौरी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1-उ0नि0 आशुतोष कुमार शुक्ला थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

2-रि0आ0 शिवांश थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

3-का0 शिवभजन थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

4-का0 प्रेमसागर चौधरी थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

5-रि0आ0 पुनीत कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 31.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 31.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।